भारत की माननीया राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

राष्ट्रपति निलयम में देशवासियों द्वारा भ्रमण के शुभारंभ के अवसर पर video conferencing के माध्यम से सम्बोधन

राष्ट्रपति भवन, 22 मार्च, 2023

आज, नववर्ष के आगमन पर मनाए जा रहे विभिन्न त्यौहार हमारी जीवंत संस्कृति के वाहक हैं। मेरी मंगल कामना है कि ये पर्व सभी देशवासियों के जीवन में सुख और समृद्धि का संचार करें।

आज मुझे राष्ट्रपति निलयम में देशवासियों के शुभ आगमन की व्यवस्था का आरम्भ करके बेहद प्रसन्नता हो रही है। यह ऐतिहासिक भवन, राष्ट्रपति के लिए बनाये गये Presidential Retreats में से एक है। भारतीय लोकतंत्र के प्रतीक स्वरुप राष्ट्रपति भवन तथा ये Retreats सभी देशवासियों की धरोहर हैं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि इस वर्ष, 31 जनवरी से अब तक लगभग 9 लाख लोग राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण कर चुके हैं।

देवियो और सज्जनो,

पिछले वर्ष दिसंबर महीने में मुझे राष्ट्रपति निलयम में कुछ समय बिताने का अवसर मिला था। अपने उस प्रवास के दौरान मुझे इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व की विस्तृत जानकारी मिली। राष्ट्रपति निलयम

के flagstaff base पर ही सितंबर 1948 में हैदराबाद के भारत में विलय के “Instrument of Accession” पर हस्ताक्षर किये गए थे।

अपने उसी प्रवास के दौरान मुझे यहाँ के सुंदर वातावरण, विभिन्न उद्यानों तथा flora और fauna को देखने-जानने का अवसर मिला। तब मेरी यह इच्छा हुई कि राष्ट्रपति निलयम देश के सभी नागरिकों के भ्रमण हेतु खुला होना चाहिए।

सभी देशवासी गर्व के साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। हमारा प्रयास है कि सभी देशवासी, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी, स्वाधीनता सेनानियों के बारे में जाने, तथा हमारी स्वतंत्रता से जुड़े मूल्यों का सम्मान करे।

इसी सोच के साथ, आज मुझे राष्ट्रपति निलयम में Knowledge Gallery का लोकार्पण करके बहुत प्रसन्नता हुई है। इस गैलरी में राष्ट्रपति भवन तथा राष्ट्रपति निलयम के इतिहास से जुड़ी रोचक जानकारियां, तथा आज़ादी के Unsung Heroes के बारे में कई जानकारियां प्राप्त होगी। इसके साथ ही आज renovated Kitchen Tunnel का भी लोकार्पण हुआ है। मुझे इस बात की विशेष प्रसन्नता है कि इस Tunnel की दीवारों पर तेलंगाना की पारंपरिक चेरियल कला पर आधारित paintings बनायी गई है। यह तेलंगाना के पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने का भी एक प्रयास है।

देवियो और सज्जनो,

मेरे पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों द्वारा समय-समय पर राष्ट्रपति निलयम में कई बदलाव किए गये है। कलाम साहब द्वारा इस जगह को bio-diversity

spot बनाने के लिए Fruit Orchid बनवाया गया। प्रतिभा पाटिल जी द्वारा 100 से अधिक दुर्लभ जड़ी-बूटियों के साथ 'Herbal Garden' की स्थापना की गई। प्रणब मुखर्जी जी द्वारा यहाँ 'Nakshatra Garden' की शुरुआत की गई। और रामनाथ कोविन्द जी द्वारा Rock Garden, Palm Garden और Water Cascade का शुभारम्भ किया गया। दिसंबर के अपने प्रवास के दौरान मुझे Maze Garden, Musical Fountain और Children's Park का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। आज मुझे एक नए Visitor Facilitation Centre, Flag-Post Replica, Shiva Sculpture और Step-wells के restoration और beautification का शिलान्यास रख कर प्रसन्नता हो रही है। Step-wells के restoration से राष्ट्रपति निलयम परिसर की जल-आपूर्ति हो सकेगी। इससे जल-संचयन के पारंपरिक तरीक़ों को बढ़ावा मिलेगा।

अंत में, मैं राष्ट्रपति निलयम के restoration और नागरिकों द्वारा इसके भ्रमण हेतु व्यवस्था आरंभ करने के लिए तेलंगाना राज्य सरकार के सहयोग की सराहना करती हूं। मैं सभी लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं से अपील करती हूं कि आप यहां आयें और इस राष्ट्रीय विरासत से जुड़ने का अनुभव प्राप्त करें।

धन्यवाद,

जय हिन्द!

जय भारत!